


RNI.CHHMUL/2021/82339

# खबरीलाल

## न्यूज़ एंड एनालिसिस

Web News Portal www.khabrilal24x7.in

वर्ष-4 अंक-05 | हिन्दी/बांग्ला/अंग्रेजी | मासिक | रायपुर, जनवरी 2024 | पृष्ठ -32 मूल्य-50/-




प्लास्टिक का उपयोग बन्द करें,
पर्यावरण की रक्षा करें
January
Happy
Republic Day
HECTOR
PIPES
DUM HAI!
जनहित में जारी


MAHENDRA
STEEL | POWER | SPONGE | MINING
January
Happy
Republic Day
स्वच्छ रहें,
स्वस्थ रहें
जनहित में जारी


GROUP
Benchmark of Quality
January
Happy
Republic Day
योग करें निरोग रहें
जनहित में जारी

CHHMUL/2021/82339

# खबरीलाल
न्यूज एंड एनालिसिस

हिन्दी/अंग्रेजी/ बांग्ला मासिक पत्रिका
● वर्ष-4 ● अंक-5
जनवरी 2024 रायपुर (छत्तीसगढ़)

■ संरक्षक
ब्रह्मचारी डॉ. इन्दुभवानंद महाराज (शंकराचार्य आश्रम रायपुर)

■ चीफ एडिटर
श्री पी.के. चटर्जी

■ संपादक
पत्रकार खबरीलाल
(सुदीप्तो चटर्जी)

■ सलाहकार संपादक मंडल
- श्री वीरेन्द्र गोयल
- श्री अशोक कुमार अग्रवाल
- श्री रमेश कुमार अग्रवाल
- श्री संजय गोयल
- डॉ. मनीष कुमार मंडल
- श्री राजीव कपूर
- श्री कमल अग्रवाल

■ विशेष संवाददाता
■ अमित मिश्रा

■ प्रसार प्रबंधक
मनीष मिश्रा

■ चार्टर्ड एकाउंटेंट
राहुल अग्रवाल

■ विधिक सलाहकार
श्री नवीन श्रीवास (अधिवक्ता)

■ तकनीकी सलाहकार मंडल
श्री राजकुमार मिश्रा,
श्री ओश मिश्रा

■ साज-सज्जा- ज्योति कंप्यूटर - मो.-9977144626


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सुदीप्तो चटर्जी द्वारा ज्योति कंप्यूटर, शाप नं. 34 विजेता काम्प्लेक्स, शास्त्री बाजार, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रितकर 7/5 गोविंद नगर, पंडरी, रायपुर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006 से प्रकाशित.
संपादक - सुदीप्तो चटर्जी (पत्रकार खबरीलाल)
मोबाईल-9522233033

उक्त सारे पद अवैतनिक है।





Presents

# हिन्दुओं की विरासत



अमृतेश्वर मंदिर कर्नाटक के चिकमगलूर जिले के अमृतपुर गाँव में स्थित है। यह गाँव चिकमगलूर से 67 किमी उत्तर में स्थित है।इस मंदिर का निर्माण 1196 में हुआ था। जिसकी शिल्पकला इतनी महीन व उत्कृष्ट कोटि की है कि आप स्वयं इस मंदिर की एक-एक शिल्पकारी को देख चकित रह जायेगे, जिसे बेहद ही सूक्ष्म रुप में तराशा गया है।




कलौल के राजा वीरसिंह वाघेला की रानी रूडादेवी जी द्वारा 1499 ई. में बनवाई गई अडालज की बावड़ी में स्थित सीढ़ियां (कर्णावती - गुजरात)





महासमुंद जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर एनएच-353 से दो किमी दूर भीमखोज स्थित पहाड़ी में आदिशक्ति खल्लारी माता की पाषाण प्रतिमा स्थापित है।



## संपादकीय



# बन गया राम मंदिर, विराज गए प्रभु श्रीराम

**जिस तरह भगवान श्रीराम राजपाट चलाते थे वैसे ही देश मे राजपाट चले तो लोगों की पीड़ा दूर होगी और राम राज्य स्थापित होगा। भगवान राम भारत की आस्था है और भगवान राम भारत का आधार भी है।**




22 जनवरी 2024 इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से दर्ज हो गया और इस दिन के साक्षी बने समूचे विश्व के धर्मावलंबी व लोग। जिस राम मंदिर के लिए आंदोलन हुए, जिसको लेकर एक से बढ़कर एक राजनीति हुए, चुनाव में राम मंदिर मुद्दे बनाये गए, सब पर अब विराम लग गया। अयोध्या नगरी में जन्मे प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना साथ ही भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप मूर्ती की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को बड़े ही शुभ घड़ी और भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर देश के अलग अलग क्षेत्रों के दिग्गजों के साथ साधु, सन्त, महात्मा और भारत के कोने कोने से श्रद्धालु अयोध्या नगरी पहुंचे सिर्फ और सिर्फ प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने और राम लला का दिव्य दर्शन करने। कई वर्षों तक रामलला टेंट में रहे, साल भर में कुछ जोड़ी ही कपड़े मिलते थे रामलला के लिए। यह पीड़ा भारत के प्रत्येक सनातनियों में था कि कैसे रामलला को पीड़ा मुक्त किया जाए और देश राम राज्य की ओर अग्रसित हो। मामला कई वर्षों तक सुप्रीम कोर्ट मे रहा जिसका केस ब्रह्मलीन द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने अपने वकीलों के माध्यम से लड़ा व अन्य भी केस लड़े। विपक्ष में भी वकील खड़े कर दिए गए और भगवान श्रीराम जो भगवान विष्णु के अवतार थे उसे काल्पनिक तक कहा गया। लेकिन अंत मे विजय सत्य की ही हुई और जो विपक्ष में थे वे भी राम नाम भजने लगे। ये सब प्रभु की माया ही है, शायद उन्होंने ही अपने प्राण प्रतिष्ठा का दिन खुद तय किया हो और पालन किसी से करवाकर भव्य राम मंदिर निर्माण कर भगवान श्रीराम के बालस्वरूप की प्राण प्रतिष्ठित कर विराजित किया गया। प्रत्येक वर्ष भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास अवधि खत्म होने के बाद अयोध्या लौटने पर दीपावली मनाते हैं लेकिन संयोग ये रहा कि वर्ष 2024 को 22 जनवरी के दिन समूचे भारत वर्ष में दीपोत्सव मनाया गया। यह भी प्रभु की लीला ही है कि समूचा देश राममय हो गया। सब समय पर निर्भर है, समय की सब करवाता है इसलिए कहते हैं समय बड़ा बलवान होता है। अब जिस तरह भगवान श्रीराम राजपाट चलाते थे वैसे ही देश मे राजपाट चले तो लोगों की पीड़ा दूर होगी और राम राज्य स्थापित होगा। भगवान राम भारत की आस्था है और भगवान राम भारत का आधार भी है।

**पत्रकार खबरीलाल**
**संपादक**

# श्रीराम के आदर्शों पर चलकर संवारेंगे छत्तीसगढ़: विष्णु देव साय




रायपुर। पूरे राष्ट्र और दुनिया के सबसे ऐतिहासिक समारोह श्री रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के अवसर का अवलोकन करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ की पवित्र भूमि में से एक शिवरीनारायण पहुँचे जहां भगवान श्रीराम ने माता शबरी के जूठे बेर खाये थे। इस जगह पर उन्होंने प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का अवलोकन किया और अभिभूत हुए। शिवरीनारायण के नागरिकों के लिए अभिभूत करने वाले दो क्षण आये। पहला तो तब जब रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। दूसरा क्षण तब आया जब माता शबरी का जिक्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सुदूर कुटिया में जीवन गुजारने वाली मेरी आदिवासी माँ शबरी का ध्यान आते ही अप्रतिम विश्वास जागृत होता है। माँ शबरी तो कब से कहती थी राम आयेंगे। प्रत्येक भारतीय में जन्मा यही विश्वास सक्षम भव्य भारत का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमने श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से देखा। भगवान श्रीराम की अलौकिक बाल प्रतिमा का दर्शन हुआ। हम सब अभिभूत हुए। यह खुशी का क्षण इसलिए भी है कि हमने यह सब माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण की पावन भूमि में देखा। एक पावन भूमि में हमने एक और पवित्र भूमि में होने वाले अद्भुत प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखा।

हमारे लिए यह सौभाग्य इसलिए भी बहुत बड़ा है कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। माता कौशल्या की जन्मभूमि है। आज केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया राममय हो गई है। दुनिया भर में सब अलग-अलग तरह से खुशियों की अभिव्यक्ति कर रहे हैं।

हमारा सौभाग्य है कि हमने अपने धान के कटोरे से भगवान के भोग के लिए सुगंधित चावल भेजा है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री ओम माथुर ने भी उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। श्री माथुर ने कहा कि आज जय श्री राम का जयघोष अयोध्या तक जाना चाहिए। शबरी माता की भूमि पर आयोजित इस पावन







रामनामियों ने अपना मोर मुकुट पहनाकर किया अभिनंदन

कार्यक्रम में उपस्थित सभी को अभिनंदन करता हूँ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार की गई कॉफी टेबल बुक ''हम सबके राम'' और कैलेंडर ''रामो विग्रहवान धर्मः'' का विमोचन भी किया।



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम और डीआरएम रायपुर ने की सौजन्य भेंट



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम आलोक कुमार और मंडल रेल प्रबंधक रायपुर संजीव कुमार ने पहुना में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में प्रगतिरत रेलवे परियोजनाओं की कार्यप्रगति के संबंध में जानकारी ली।

- **छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं के कार्य में आएगी तेजी**
- **छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं का होगा तेजी से विस्तार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में वर्तमान में जारी रेल परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वस्त किया है कि छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओ का तेजी से विकास और विस्तार किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में जितनी भी रेल परियोजनाएं चल रही हैं, वो भी प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद और बसवराजू एस उपस्थित थे।

# पीएम जनमन योजना से पहुंच रही जंगलों में विकास की रोशनी





रायपुर। पीएम जनमन योजना बीहड़ जंगलों के बीच रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियों का विकास का प्रकाश पहुंचाने में प्रभावी साबित हो रही है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना के तहत मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी में आयोजित शिविर लगाया गया। इस शिविर में सुदूर वनांचल बाकल की बैगा आदिवासी श्रीमती ललिया और श्रीमती दुर्पति का आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया गया। श्रीमती ललिया और श्रीमती दुर्पति का कहना है कि आयुष्मान कार्ड बनने से अब उनकी इलाज के लिए चिंता दूर हो गई है। भविष्य में बीमारी का इलाज कराने के लिए पैसे की समस्या नहीं होगी। शासन की योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनने से देशभर के किसी भी चिह्नित सरकारी या निजी अस्पताल में निःशुल्क इलाज हो सकेगा। विगत दिनों नगर पंचायत लोरमी में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान सुदूर वनांचल ग्रामों से पहुंचे बैगा आदिवासी परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें लाभ उठाने प्रेरित किया गया। शिविर में बैगा आदिवासी श्रीमती ललिया और श्रीमती दुर्पति भी पहुंची थी। उन्हें जैसे ही आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी मिली। बिना देर किए आधारकार्ड, राशनकार्ड और जरूरी दस्तावेज लेकर स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंची।

**इलाज की चिंता दूर हुई, सुदूर वनांचल में रहने वाली ललिया और दुर्पति का बना आयुष्मान कार्ड**

# कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रारंभ होंगे झूलाघर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के चुने हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी कम क्रेच (झूलाघर) की स्थापना की जाएगी। राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1500 झूलाघर की स्थापना करने का लक्ष्य दिया गया है। महिला बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने महिला बाल विकास की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव में सर्वे कर बच्चों का चिन्हाकन कर लिया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनाए जाने वाले झूलाघरो में काम-काजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल की जाएगी। महिला बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज इन्द्रावती भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि सभी मैदानी स्तर के अधिकारी नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करें और इन केन्द्रों के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषण वाले बच्चों का चिन्हांकन करके उनके पौष्टिक आहार पर विशेष ध्यान दें। पोषण ट्रैकर पोर्टल के माध्यम से ही इसकी निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों लाभ दिलाया जाए। योजना के तहत गंभीर बीमारी दिल की बिमारी, मानसिक रूप से दिव्यांग, कटें-फटे होंठ वाले आदि अन्य बिमारियों से प्रभावित बच्चों का चिरायु टीम के माध्यम से उच्च स्तरीय ईलाज की व्यस्था कराए। समीक्षा बैठक में श्रीमती आबिदी ने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों का डोर-टू-डोर सर्वे कर आंगनबाड़ी की सेवाओं से लाभान्वित किया जाए।



# मोदी जी की गारंटी के अनुरूप वायदे किए जा रहे पूरेः मुख्यमंत्री विष्णु देव



- मुख्यमंत्री साय ग्राम कुसुमघटा में आयोजित किसान सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री का तुलसी माला, शस्त्र और शास्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के ग्राम कुसुमघटा में आयोजित किसान सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहुंचने पर क्षेत्रवासियों, ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने भगवान राम के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री साय को तुलसी माला, शस्त्र और शास्त्र भेंट, अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक मती भावना बोहरा, डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, बिसराम यादव, पवन साय, अजय जामवाल, चंद्रशेखर वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री पद का दायित्व सम्हालने के बाद पहली बार कवर्धा आगमन हुआ है। इस अवसर पर आप सभी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गारंटी के अनुरूप आप लोगों ने हम पर जो विश्वास किया है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि मोदी के गारंटी में जो वायदे किए गए हैं उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन हुए एक महीना ही हुआ है और इतने कम समय में मोदी जी के गांरटी को पूरा करने की ओर कदम बढ़ा चुके है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर 02 वर्ष की धान की बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए 12 लाख से अधिक किसानों के खाते में अंतरित की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के शिक्षित युवाओं के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।




# वर्षों के संघर्ष, प्रतीक्षा और तपस्या के उपरांत आज विराजमान हुए हमारे प्रभु श्री राम : वित्त मंत्री ओपी चौधरी

- **वित्त मंत्री ने रायगढ़ में प्रभु श्री राम के दर्शन कर देश एवं प्रदेश के खुशहाली की कामना की**

रायपुर। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले के गांधी गंज स्थित श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम के दर्शन-पूजन कर सर्वमंगल की कामना की और इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा है की वर्षों के संघर्ष, प्रतीक्षा और तपस्या के उपरांत आज हमारे प्रभु श्री राम विराजमान हुए हैं। आज का यह ऐतिहासिक दिवस छत्तीसगढ़, भारत ही नहीं अपितु सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले पूरी दुनिया के लोगों के लिए गौरव और भावुक कर देने वाला दिन है। श्री चौधरी ने कहा कि यह केवल अयोध्या के श्री राम मंदिर का ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की प्राण प्रतिष्ठा है।








रायपुर। अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में रायपुर के सदर बाजार एवं आकाशवाणी काली मंदिर में पूजन एवं उत्सव का आयोजन हुआ। इस आयोजन में प्रदेश के धर्मस्व, संस्कृति एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को रामोत्सव की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

# आदिवासियों का इतिहास गौरवशाली : अरुण साव

रायपुर. उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज मुंगेली जिले के लोरमी विकासखण्ड के मोहबंधा में अमर शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति दिवस एवं आदिवासी सम्मेलन में शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने आदिवासी समाज का गमछा तथा पुष्पाहार से उनका भव्य स्वागत किया। श्री साव ने शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

- **उप मुख्यमंत्री स्मृति दिवस एवं आदिवासी सम्मेलन में हुए शामिल**
- **मोहबंधा में सांस्कृतिक भवन के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की**



उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आदिवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह देश के वीर सपूत थे। उन्होंने देश और समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। शहीद वीर नारायण के जीवन से प्रेरणा लेकर आप सभी अपने जीवन में आगे बढ़े।

श्री साव ने कहा कि आदिवासियों का इतिहास गौरवशाली रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आदिवासी समाज के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत शिविर भी लगाए जा रहे हैं। लोरमी के पूर्व विधायक श्री तोखन साहू और जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती शीलू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद थे।

# फ्रांस की पर्यटक को भाया छत्तीसगढ़ अपनी मां को लेकर दोबारा घूमने पहुंची

- **टाटामारी में पहुंच रहे विदेशी पर्यटक**
- **देश-विदेश के एक लाख से अधिक पर्यटकों ने की टाटामारी की सैर**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कोण्डागांव जिले का टाटामारी तेजी से टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में उभरा है। यहां की प्राकृतिक सुन्दरता का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंच रहे हैं। साल भर के भीतर देश-विदेश के एक लाख से अधिक पर्यटकों ने टाटामारी की सैर कर ली है। फ्रांस की एक पर्यटक को तो टाटामारी इतना अच्छा लगा कि वे दोबारा अपनी मां को लेकर सैर के लिए टाटामारी पहुंचीं।



कोण्डागांव अपने आप में ढेरों प्राकृतिक संसाधनों के साथ अमूल्य सांस्कृतिक एवं पारम्परिक कलाओं को समेटे हुए है। यहां की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्यता अपने आप में विलक्षण है। इन सभी संसाधनों से पूर्व में पूरा विश्व अनभिज्ञ था। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया गया है। इस सर्किट के बन जाने से जिले में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जहां एक वर्ष में टाटामारी में देश-विदेश के 01 लाख से अधिक लोगों ने टाटामारी के विहंगम दृश्यों का आनंद लिया है। फ्रांस से आयी पर्यटक क्लेयर ने बताया कि उन्होंने दो बार टाटामारी और कोण्डागांव का भ्रमण किया है। पहली बार जब अपने दोस्तों के साथ आयी तो उन्हें यहां की प्राकृतिक खुबसूरती इतनी अच्छी लगी की जब अपनी मां को भी इसके संबंध में बताया तो वे भी मेरे साथ कोण्डागांव का भ्रमण करने आयी थी। फ्रांस के ही अल्बाने एवं गेल ने बताया कि वे इससे पहले कई स्थानों पर गये हैं परंतु कोण्डागांव में आदिम परम्परा और यहां के लोगों की सादगी उन्हें बहुत पसंद आयी। आदिवासी लोगों से मिलकर एवं उनकी दिनचर्या को पास से देखने का मौका मिला जिससे उन्हें बहुत खुशी मिली।





फिनलेंड के थॉमस, निकोडेम, टोपीयाज ने कहा कि कोण्डागांव में स्थानीय युवाओं द्वारा हमें ट्रेकिंग करते हुए जलप्रपातों, वनस्पतियों को देखना एवं प्रकृति के बीच प्राकृतिक माहौल में मांझिनगढ़ के ऊपर कैम्पिंग करने का अनुभव अपने आप में अनूठा था। उन्हें यहां आकर बहुत खुशी महसूस हुई। युवाओं के बीच सिविल सेवाओं की तैयारी हेतु प्रसिद्ध असिस्टेंट प्रोफसर एवं कांउसलर डॉ. विजेन्द्र सिंह चौहान हाल ही में बस्तर के प्रवास पर थे। उन्होंने अपने प्रवास की शुरूआत कोण्डागांव जिले के टाटामारी पर्यटन स्थल से की। जैसे ही वे टाटामारी पहुंचे टाटामारी के प्राकृतिक सौंदर्य एवं विहंगम दृश्य को देखकर मंत्र मुग्ध हो गये और वे अपने आप को वहां के प्राकृतिक सौंदर्य का वीडियो बनाने से नहीं रोक पाये और एक ट्रेवल ब्लॉगर की तरह अपने सोशल मीडिया एकाउंट के माध्यम से यहां की सुंदरता को वर्णित करते हुए कहा कि अक्सर बस्तर को अशांति से जोड़ा जाता है पर टाटामारी को देखकर आप इसकी तुलना केवल स्वर्ग से कर सकते हैं। जगदलपुर से कोण्डागांव घुमने आये 36 सदस्यी दल के महेश ने बताया कि उनके कार्यालय वर्म फाईनेंश के सभी लोगों ने जब कोण्डागांव में घूमने का सोचा तो उन्हें इसकी खूबसूरती का अंदाजा नहीं था। यहां सभी ने ट्रेकिंग के साथ मांझिनगढ़ के दृश्यों का आनंद लिया। जो अभूतपूर्व था। इसी प्रकार नये साल के उत्सव में लिमदरहा में कैम्पिंग कर लोगों ने चंद्रमा एवं तारों को टेलीस्कोप की सहायता से देखा।




# संत कबीर के संदेश युगों-युगों तक रहेंगे प्रासंगिक : राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

## बलौदाबाजार में कबीर पंथ समाज ने किया राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा का अभिनंदन



हरायपुर। संत कबीर के संदेश युगों-युगों तक समाज को नई दिशा और मार्गदर्शन देते रहेंगे। समाज को जागरूक करने में और सामाजिक बुराईयों को दूर करने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा कबीर समाज द्वारा बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कबीर समाज के पदाधिकारियों ने राजस्व मंत्री का परंपरागत रूप से अभिनंदन किया।

राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि संत फक्कड़ होते थे, वे अपना जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर देते थे। कबीर दास उनमें से एक ऐसे ही संत थे। उनकी रचनाओं में जीवन का यथार्थ दर्शन छिपा होता था। उन्होंने सामाजिक वातावरण में फैली बुराईयों पर कड़ा प्रहार कर समाज को जागरूक किया। उनके संदेश युगों युगों तक प्रासंगिक रहेंगे। हमें उनके संदेशों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा संत कबीर साहेब की आरती में शामिल हुए और आशीर्वाद लिया।



खबरीलाल न्यूज एंड एनालिसिस मासिक पत्रिका के कैलेंडर का विमोचन स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धर्मस्व व पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने निवास कार्यालय में किया। इस अवसर पर भाजपा संस्कृति प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी शरद अग्रवाल भी मौजूद थे।






# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से संचालक सैनिक कल्याण ने सौजन्य मुलाकात की

रायपुर। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से नवा रायपुर के विश्राम गृह में ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशिष्ट सेवा मेडल (से.नि.), सचिव राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़ ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को सैनिक कल्याण बोर्ड के विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राज्य के भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने संचालक को निर्देशित किया कि राज्य के आर्मी मेडिकल कोर के भूतपूर्व सैनिकों को बस्तर फाइटर में मेडिकल सहायक के पद पर भर्ती करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जल्द ही इस पोस्ट के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिवारो के लिए प्रावधानित राशियों में वृद्धि करेंगे, जिसमें अनुग्रह अनुदान राशि, शौर्य अलंकरण राशि एवं जंगी इनाम राशि शामिल है। उप मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण बोर्ड को उक्त संदर्भ में प्रस्ताव प्रेषित करने निर्देशित किया।

# उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय जेल रायपुर का किया औचक निरीक्षण

**22 जनवरी को प्रदेश के सभी जेलों में पर्व आयोजित कर मिठाई वितरण किया जायेगा**

रायपुर। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने यहां रायपुर के सेंट्रल जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जेल अधिकारियों से उन्होंने जेल की कार्य प्रणाली, कैदियों की व्यवस्था एवं उनके क्रियाकलाप की विस्तृत जानकारी ली तथा उसमें सुधार संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कैदी को अनावश्यक परेशान न किया जाए ना ही किसी कैदी का अनावश्यक पक्ष लिया जाए। उपमुख्यमंत्री जेल में परिरूध्द् दंडित बंदियो से उनके बैरकों में जाकर वहां उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। गृहमंत्री ने जेल के कैदियों द्वारा संचालित उद्योगों, बुनाई उद्योग एवं प्रिंटिंग प्रेस का भी निरीक्षण किया।






गृहमंत्री ने 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रदेश के सभी जेलों में पर्व आयोजित कर मिठाई वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल के विडियों कांफ्रेंसिंग कक्ष एवं जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियो के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों से दवाई की पर्याप्त उपलब्धता एवं उनके खानपान के बारे में पूछा। उन्होंने जेल के सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डी. आई. जी. जेल श्री एस. एस. तिग्गा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# सनातन धर्म में सेन समाज का महत्वपूर्ण स्थान : संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल



रायपुर। संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि किसी के सुख-दुख में साथ खड़े रहना एक सभ्य समाज की पहचान है। सेन समाज उन्ही में से एक है। सदियों से ये परंपरा का नि-स्वार्थ निर्वहन कर रहे हैं। सनातन धर्म में सेन समाज का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ये बातें श्री अग्रवाल ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सेन समाज के संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उनके द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म में सेन समाज के बगैर कोई भी सामाजिक कार्य संभव नहीं होता है। बच्चों के जन्म से लेकर विवाह एवं मृत्यु संस्कार तक सेन समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में अनेक परिवारों को एक साथ लाने में, उनको निमंत्रण देने के लिए सेन समाज के लोगों को ही भेजा जाता है और वे आज भी अपने दायित्वों का सेवा भाव निर्वहन कर रहे है। उन्होंने कहा कि जो समाज संगठित होता है उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने सेन समाज से आह्वान किया कि समाज की भलाई के लिए एक ट्रस्ट बनाएं, जिसका उपयोग कल्याणकारी कार्यों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और सामाजिक कार्यों में किया जा सके। ऐसा करने से समाज आगे बढ़ेगा।

संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने सेन समाज से 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर पूरे देश में एक बार फिर से दिवाली जैसा उत्सव मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक श्री रिकेश सेन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री लक्ष्मी नारायण, भूपेंद्र शंकर, बल्लू शंकर, प्रहलाद गंगाराम, लुका कौशिक समेत प्रदेशभर से आए समाजिक बंधु मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रदेश भर के मंदिरों में चल रही साफ-सफाई



रायपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राजधानी के भी मंदिरों और तीर्थ स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन की अगुवाई में वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर और अवंती विहार स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर दर्शन के पश्चात मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, लगभग 500 सालों बाद प्रभु श्री रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर पूरे देश में एक बार फिर से दीवाली मनाई जाएगी। जिसको देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के सभी तीर्थ स्थलों और मंदिरों में 14 से 22 जनवरी तक साफ-सफाई के लिए। मंदिर तीर्थ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव का बड़ा निर्णय




रायपुर. उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में शहरों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए। उनकी समीक्षा बैठक के बाद विभाग ने आज ही नगरीय निकायों में विकास कार्यों के लिए 215 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी नगर निगम आयुक्तों को अपनी टीम और जनप्रतिनिधियों के साथ सप्ताह में तीन दिन निर्माण और सफाई कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने इस पर गंभीरता से अमल करते हुए निरीक्षण के फोटो भी साझा करने को कहा। श्री साव ने सभी नगर निगमों में वार्डवार निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान वे खुद भी सवेरे किसी भी दिन किसी भी नगर निगम में पहुंच सकते हैं। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहरों के सभी वार्डों में जन सहयोग से स्वच्छता अभियान संचालित करने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस., विशेष सचिव श्री पी.एस. ध्रुव, संचालक श्री कुंदन कुमार और सूडा के सीईओ श्री सौमिल रंजन चौबे भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

- विकास कार्य हेतु नगरीय निकायों को जारी किए 215 करोड़ रुपए
- सभी नगर निगम आयुक्त सुबह 6 बजे से फील्ड पर दिखें
- सभी नगर निगम आयुक्तों को सप्ताह में तीन दिन निर्माण और सफाई कार्यों के निरीक्षण के दिए निर्देश, कहा निरीक्षण के दौरान मैं खुद सवेरे किसी भी दिन पहुंच सकता हूं
- उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने की प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में सभी नगर निगमों में संपत्ति कर की वसूली के लिए अभियान चलाने को कहा। उन्होंने व्यावसायिक एवं आवासीय संपत्तियों से बकाया कर की राशि वसूलने के लिए हर बुधवार को अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपत्ति कर के बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर कड़ाई से इसकी वसूली करने को कहा। उन्होंने आयुक्तों को हर सप्ताह संपत्ति कर की प्राप्ति की समीक्षा करने को कहा।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम मंदिर में की पूजा-अर्चना



बिलासपुर। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 22 जनवरी को सवेरे बिलासपुर के तिलक नगर स्थित श्रीराम मंदिर में सपत्नीक श्रीराम भगवान की पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बेलतरा के विधायक श्री सुशांत शुक्ला, श्री रामदेव कुमावत और श्री राजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।



छत्तीसगढ़ में पहली बार !
Sumeet Group presents
10 CRORE*
से अधिक के उपहार
सुमीत बाजार एवं शुभम के मार्ट में प्रत्येक 1500 रू. की खरीदी पर एवं सुमीत ज्वेलर्स से 15000 रू. की खरीदी पर कूपन फ्री...
योजना 15 अक्टूबर 2023 से 05 मार्च 2024 तक
निश्चित उपहार
5 कूपन से प्रारंभ
SEVEN MINI DRAW PRIZES
15TH OCT TO 05TH MAR
15TH OCT TO 29TH OCT - DRAW DATE 02ND NOV
30TH OCT TO 15TH NOV - DRAW DATE 19TH NOV
16TH NOV TO 13TH DEC - DRAW DATE 17TH DEC
14TH DEC TO 03RD JAN - DRAW DATE 07TH JAN
04TH JAN TO 21ST JAN - DRAW DATE 25TH JAN
22ND JAN TO 14TH FEB - DRAW DATE 18TH FEB
15TH FEB TO 05TH MAR - DRAW DATE 10TH MAR
प्रत्येक मिनी ड्रॉ के उपहार
1st TATA NEXON 1 व्यक्ति के लिये
2nd OLA S1 BIKE 2 व्यक्तियों के लिये
3rd 10 gm. GOLD COIN 3 व्यक्तियों के लिये
4th SET OF 3pcs. TRAVEL SUITCASE 71 व्यक्तियों के लिये
5th TRAVEL SUITCASE 501 व्यक्तियों के लिये
6th TRAVEL DUFFLE BAG 2100 व्यक्तियों के लिये
BUMPER DRAW PRIZES
DRAW DATE 10TH MAR 2024
प्रथम पुरस्कार 1 करोड़ के स्वर्ण आभूषण 1 व्यक्ति के लिये
2nd Gold Jewellery Worth 11 Lakh 2 व्यक्तियों के लिये
3rd Gold Jewellery Worth 5 Lakh 3 व्यक्तियों के लिये
4th Gold Jewellery Worth 2 Lakh 5 व्यक्तियों के लिये
5th Gold Jewellery Worth 50 Thousand 21 व्यक्तियों के लिये
6th Traval Suitcase 2100 व्यक्तियों के लिये
7th Duffle Bag 5100 व्यक्तियों के लिये
*condition apply
Shubham K Mart
SUMEET JEWELLERS
सुमीत बाजार
योजना संबंधित संपूर्ण जानकारी के लिये सुमीत ग्रुप के नजदीकी शोरूम पर संपर्क करें.
ऑफर सुमीत बाजार, सुमीत ज्वेलर्स एवं शुभम के मार्ट की छत्तीसगढ़ की सभी ब्रांच में

# SHORT NEWS



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व नगरीय प्रशासन विभाग के बजट सत्र को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा एवं समीक्षा बैठक की। श्री चौधरी एवं श्री साव ने बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।



आईएएस पी. दयानंद बने पावरफुल ब्यूरोक्रेट। उन्हें सीएम सचिव के साथ साथ सचिव जनसम्पर्क, ऊर्जा विभाग के सचिव तथा छग पावर कंपनी के अध्यक्ष का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।



2007 बैच के आईएएस अधिकारी शम्मी आबिदी एवं बसवराजू सेंट्रल में ज्वाइंट सेकरेट्री नामित किये गये हैं। वर्तमान में शम्मी आबिदी महिला बाल विकास की सचिव हैं और बसवराजु को मुख्यमंत्री के सचिव का दायित्त्व दिया गया है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उप मुख्यमंत्रिद्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा ने शासकीय कैलेंडर 2024 का किया विमोचन। इस अवसर पर सीएम के सचिव पी.दयानंद एवं जनसम्पर्क प्रमुख मयंक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



जनसंपर्क विभाग के नव नियुक्त आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात 4 जनवरी की शाम राज्य अतिथि गृह पहुना में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।



कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने अस्पतालों की बुनियादी जरूरतों और सेवाओं में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर हालात की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों को बुनियादी चिकित्सा सुविधा प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अस्पतालों की बुनियादी ज़रूरतें प्राथमिकता के साथ पूरी की जा रही हैं, लेकिन इससे ज्यादा चिकित्सकों और स्टाफ की मरीजों के प्रति समर्पण और सेवा भावना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी जहां पुरस्कृत किए जाएंगे वहीं लापरवाही बरतने वालों को दंडित भी किया जाएगा।



जनसंपर्क संचालनालय के नए आयुक्त व संचालक मयंक श्रीवास्तव ने 4 जनवरी गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। नवा रायपुर, अटल नगर में जनसंपर्क संचालनालय में उन्होंने जनसंपर्क आयुक्त के साथ ही छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपांशु काबरा ने मयंक श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपकर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय एवं छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारीगण उपस्थित थे।



रामनामियों ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने 150 साल पहले बता दिया था, इसी तिथि पर बनेगा श्रीराम का भव्य मंदिर। सक्ती जिले में जैजैपुर में रामनामी मेले में आये रामनामियों ने चर्चा में बताया, कहा अयोध्या में राम मंदिर बनने से बहुत खुशी है। जैसे लोग मंदिर में जूते छोड़ देते हैं वैसे ही शरीर को राम का मंदिर मानते हैं रामनामी, इसलिए माँस-मदिरा का सेवन नहीं करते।

# छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने की भेंट



राजधानी रायपुर स्थित पहुना राजकीय अतिथि गृह में एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की । इस अवसर पर सीएमडी एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ के सर्वोन्मुखी विकास में एसईसीएल की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एसईसीएल परिवार, सतत आपके मार्गदर्शन व सहयोग का आकांक्षी है । उन्होंने सीएसआर , रेल कॉरिडोर परियोजनाओं , एफ़एमसी प्रोजैक्ट्स आदि के ज़रिए किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की भी जानकारी दी । गत वर्ष एसईसीएल ने राजकोष में लगभग 5000 करोड़ रुपये का राजस्व जमा कराया था जो इस वर्ष बढ़कर लगभग 6000 करोड़ रुपये होने की आशा है । पिछले पाँच वर्षों सीएसआर के अंतर्गत एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ के विकास पर लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाएँ कार्यान्वित की है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी विकास आदि कई क्षेत्रों से सम्बंधित हैं । लगभग 10, 000 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही एसईसीएल की रेल कॉरिडोर परियोजनाएँ राज्य के सुदूर अंचलों में विकास के अग्रदूत बनेंगे । इसके ज़रिए 300 किलोमीटर से अधिक के रेल नेटवर्क का विकास किया जा रहा है ।



## होनहार खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह

सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में डीएवी बिलासपुर के होनहार खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह। राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन डीएवी वसंत विहार बिलासपुर में विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा रहे । इन खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट में 9 स्वर्ण पदक सहित कुल 25 पदक जीते वहीं तैराकी के लिए बेस्ट स्कूल का ख़िताब भी अपने नाम किया । इससे पूर्व क्लस्टर व ज़ोनल स्तर पर 40 से अधिक स्वर्ण पदक जीतते हुए डीएवी बिलासपुर के छात्रों ने स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा था ।

## फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने शुरू किया 'हर दिन तिरंगा' शपथ अभियान





रायपुर। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा रहे फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 'हर दिन तिरंगा' शपथ अभियान की शुरुआत की। इस अभियान में कोई भी भाग ले सकता है। इसके लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर शपथ लेनी होगी, जिसके लिए खास प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।




# एक झलक-अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा










## समूचे देश सहित छत्तीसगढ़ में भी उत्साह...










JINDAL
PANTHER®
TMT REBARS
SPEED
STRENGTH
FLEXIBILITY
India's First and Largest Producer of Fe 550D TMT Rebars
A PRODUCT OF JINDAL STEEL & POWER LTD.
Contact us: shop.jindalpanther.com | Toll free number: 1800 208 2008

# दृढ़ संकल्प से होती है लक्ष्य प्राप्ति-वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी




रायपुर। किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास के साथ-साथ परिश्रम, त्याग और समर्पण होना बहुत आवश्यक है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद और इतिहास में सफल विभूतियों की जीवन-शैली को अपनाना चाहिए। युवा असफलता से न घबराएं अपितु यह जान लें कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। उपरोक्त बातें वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती सप्ताह के पावन अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय बद्री नारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में आज आयोजित युवा महोत्सव में कही।

## सफलता के लिए परिश्रम के अलावा कोई विकल्प नहीं : टंकराम वर्मा

इसी तरह राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम में युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के सूत्रवाक्य 'उठो, जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो' को युवाओं को अपने व्यवहार में अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं। कोई भी कार्य या लक्ष्य असंभव नहीं। यदि हम ठान लें। आमजनों को प्रदेश के विकास में मिलजुलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने विकसित प्रदेश निर्माण की दिशा में सभी की समान सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया। युवा महोत्सव में प्रतिभाओं एवं प्रतिभागी युवा कलाकारों का हुआ सम्मान-युवा महोत्सव के इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वैशाली बघेल, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा हेतु राजेन्द्र वर्मा, सौरभ वर्मा, धनंजय गेन्द्रे, करन यादव, मानसी वर्मा, भारती गिड़लानी, रुचिका देवांगन सहित 42 युवा प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तथा मित्र मानस परिवार तिल्दा, लोककला मंच रंगसिंगार संदीप यदु, बाँसगीत सगुनी सहित युवा कलाकारों को सम्मानित किया गया।

युवा महोत्सव के इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इसमें पंडित सुन्दरलाल शर्मा पुरस्कार से सम्मानित श्री मीर अली मीर, वीर रस के कवि द्वय श्री देवेंद्र परिहार मुंगेली व कवि श्री महेंद्र बेजुबाँ ने अपने काव्यपाठ से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री विकास सुखवानी, जनपद सभापति श्री शिवशंकर वर्मा और सरजा ठाकुर राम वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप, एसडीएम श्री प्रकाश कुमार टंडन, प्राचार्य श्री राजेश चंदानी, छात्र-छात्राएं, पालकगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



# आई.ए.एस पी.दयानंद ने कार्यभार संभालते ही ली मैराथन बैठक



रायपुर। आईएएस श्री पी. दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण उपरांत श्री दयानंद ने पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में विद्युत की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सौर ऊर्जा और जल से विद्युत उत्पादन संबंधित प्रस्ताव तैयार करने कहा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के मुख्यालय स्थित सेवा भवन में ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष श्री पी. दयानंद ने पॉवर कंपनी के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उच्च अधिकारियों की अलग-अलग बैठक ली। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक में सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने कंपनी की उपलब्धियों और संरचना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव श्री सुनील कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पॉवर कंपनी के 12वें अध्यक्ष बने दयानंद

डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 62 लाख उपभोक्ताओं को 24 घंटें निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में अधिकतम डिमांड 6157 मेगावॉट तक पहुंची है, जिसकी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के पूरी की गई। वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने जानकारी दी कि प्रदेश में जनरेशन कंपनी की कुल क्षमता 2978.7 मेगावॉट है।

## राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को ऊर्जा के मामले में बनाएंगे अग्रणी

नवनियुक्त अध्यक्ष पी.दयानंद को विद्युत सेवा भवन में पॉवर कंपनीज अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न श्रमिक संघ-संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने और राज्य शासन के रीति-नीति के अनुरूप विद्युत विकास के मामले में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाये रखना उनकी प्राथमिकता होगी। वर्तमान में वे मुख्यमंत्री के सचिव के साथ ऊर्जा, खनिज साधन, जनसंपर्क, विमानन विभाग तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव का दायित्व भी संभाल रहे हैं। विदित हो कि आईएएस पी. दयानंद बिहार राज्य के सासाराम के रहने वाले है।




# बालकोनगर श्री राम मंदिर में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया पूजा अर्चना



बालकोनगर। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के टाउनशिप परिसर स्थित श्री राम मंदिर में आज केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने उनका स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने रामलला के दर्शन के साथ ही शिव मंदिर में जलाभिषेक भी किया और बालकोनगर एवं कोरबा जिला के उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए उन्होंने मंदिर के संबंध में बालको सीईओ से जानकारी प्राप्त की। 1976 में बालको द्वारा निर्मित इस मंदिर में प्रतिवर्ष भागवत पाठ एवं अनेक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है।

केन्द्रीय मंत्री ने बालको के श्री राम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर परिसर की साफ-सफाई के कार्य में भी सहयोग किया।

# 4254 लड़कियों को यशस्वी छात्रवृत्ति, बेटियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध: शालू जिन्दल





रायपुर। जाने-माने उद्योगपति श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर की समाज सेवा शाखा जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने यशस्वी कार्यक्रम के तीसरे चरण का उद्घाटन करते हुए कहा कि वे बेटियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस चरण में ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की 4254 लड़कियों और महिलाओं का चयन यशस्वी छात्रवृत्ति योजना में किया गया है। यह छात्रवृत्ति सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की लड़कियों और महिलाओं को उच्च शिक्षा और कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रदान की जाती है। जेएसपी फाउंडेशन की सलाहकार और यशस्वी कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार सुश्री यशस्विनी जिन्दल ने व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में भाग लेकर चयनित लड़कियों और महिलाओं को बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की।

जेएसपी के रायगढ़, अंगुल, पतरातू, बड़बिल, टेंसा, कसिया और जेपीएल-तमनार समेत समस्त विभिन्न व्यावसायिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम को शुक्रवार की शाम ऑनलाइन संबोधित करते हुए श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा, जेएसपी फाउंडेशन समाज में सबको समान अवसर प्रदान करने और महिला-पुरुष में भेदभाव खत्म कर समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यशस्वी कार्यक्रम के माध्यम से हम लड़कियों और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए उनके पसंदीदा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं ताकि उनके जीवन में आए हुए बदलाव से हमारा समाज प्रेरित हो। श्रीमती जिन्दल ने यशस्वी छात्रवृत्ति के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता की कामना की। उन्होंने कहा, ÷मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि पिछले दो चरणों में अनेक बेटियों ने प्रशिक्षण पूरा कर या उच्च शिक्षा प्राप्त कर सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त किया और अपने सपने साकार किये। मुझे विश्वास है कि कार्यक्रम का तीसरा चरण अपेक्षाकृत अधिक महिलाओं और लड़कियों के जीवन में बदलाव लाएगा और उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक सपनों को पूरा करेगा। गौरतलब है कि यशस्वी के लिए 8914 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के 81 जिलों के 4254 का चयन किया गया, जिनमें 3430 नए नाम हैं। 824 अभ्यर्थियों की पात्रता का नवीकरण किया गया है। इनमें 1807 अभ्यर्थी 12वीं से लेकर पीएचडी की पढ़ाई कर रही हैं, जिनमें इंजीनियरिंग, मेडिकल, विज्ञान, नर्सिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, मनोचिकित्सा, समाज विज्ञान और मुख्यधारा के विषयों की विद्यार्थी हैं। इसी तरह 3430 अभ्यर्थी, कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सिलाई-कढ़ाई, खुदरा कारोबार, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, डाटा एंट्री, ब्यूटी थेरैपी, मेडिकल तकनीक समेत अनेक कौशल विकास कार्यक्रम का प्रशिक्षण ले रही हैं।






पुलिस, फायर और चिकित्सा संबंधी आकस्मिक जरूरत पड़ने पर लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही डायल 112 सुविधा के कंट्रोल रूम पहुंचकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यप्रणाली देखी। उन्होंने अधिकारियों को इस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और आकस्मिक विपत्ती पड़े लोगों को तत्काल सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर विधायक गुरू खुशवन्त साहेब भी उनके साथ थे।



अवैध मादक पदार्थ गांजा 2 किलो 280 ग्राम किमती 15,000/रु के साथ आरोपी मोहम्मद निजामुद्दीन को गोल बाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार।




थाना डी.डी.नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस 02 गेट पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट/सिरप के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी सज्जाद हुसैन।



9 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ मध्यप्रदेश राज्य का अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर धर्मेन्द्र सिंह मेवाडा को राखी थाना के पुलिस ने किया गिरफ्तार।



अवैध रूप से शराब बिक्री करते थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र से विनोद सारथी पिता लक्ष्मण सारथी को सिटी कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार।



पुरानी रंजिश के लेकर जानलेवा हमला करने वाले 04 आरोपीयों को गंज पुलिस ने किया गिरफ्तार।



धर्म अध्यात्म

# किस शुभकाल में होगी रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा? शुभ मुहूर्त कब से कब तक



**अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा का दिन निर्धारित किया गया है। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े सभी अनुष्ठान 16 जनवरी से आरंभ होगा। शास्त्रीय परंपराओं का पालन करते हुए, प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। अभिजीत मुहूर्त 22 जनवरी को दोपहर12 बजकर बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगा। आइए जानते हैं रामलला की मूर्ति प्रतिष्ठा किस शुभकाल में होगी।**

**प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त** -रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पौष माह के द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश को होगा। यह शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक का रहेगा। यानि प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 84 सेकंड का होगा।

**अयोध्या में 22 जनवरी तक के अनुष्ठान**

20 जनवरी, प्रातः -शर्कराधिवास, फलाधिवास

20 जनवरी, सायं - पुष्पाधिवास

21 जनवरी, प्रातः - मध्याधिवास

21 जनवरी, सायं- शय्याधिवास

क्या होता है यम नियम अनुष्ठान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिनों तक यम नियम के पालन करने का संकल्प लिया है और वे 12 जनवरी से इस नियम का पालन कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार मूर्ति स्थापना या मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को पवित्र प्रक्रिया माना जाता है।

इन नियमों का संबंध शास्त्रों से होता है। अष्टांग योग के आठ भाग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, भजन और समाधि) में यम नियम सबसे पहला नियम है।

कुछ लोग यम नियम को बोद्ध धर्म के पांच सिद्धांत (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह) भी मानते हैं. यम नियम में प्रतिदिन स्नान, अन्न त्याग, बिस्तर पर सोने का त्याग आदि जैसे कठोर नियम होते हैं।









# मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और फैट बर्न करने के लिए इन 5 ड्रिंक्स का करें सेवन

**यदि आप वेट-लॉस जर्नी पर हैं, तो हम जानते हैं कि यह आपके लिए कितना चैलेंजिंग हो सकता है. वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है, यह एक ऐसी चीज है जिसके लिए बहुत मेहनत और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है. उन एक्स्ट्रा किलो को कम करने के लिए बैलेंस डाइट और रेगुलर फिटनेस रूटीन होना आवश्यक है. हालांकि, एक और साइड जो वजन को कंट्रोल करने में महत्वपूर्ण रोल निभाता है, वह है आपका मेटाबॉलिज्म. आपका मेटाबॉलिज्म जितना फास्ट होगा, आपके लिए वजन कम करना उतना ही आसान होगा. जबकि कुछ लोगों को जेनेटिक हाई मेटाबॉलिज्म रेट का आशीर्वाद प्राप्त होता है, हम में से कुछ को नहीं. और यदि आप बाद वाली कैटगरी में आते हैं, तो आप सही जगह पर हैं. यहां हम आपके लिए ड्रिंक की एक लिस्ट लेकर आए हैं जो आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं और स्वाभाविक रूप से फैट को बर्न करने में आपकी मदद कर सकते हैं .**

### 1. लेमन डिटॉक्स वॉटर



नींबू विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है. यह एंटीऑक्सिडेंट से भी लोडेड होता है और इसमें साइट्रिक एसिड होता है, जो शरीर से टॉक्सिस को निकालने में मदद करता है. खीरे का मिश्रण इस डिटॉक्स वॉटर को मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बेहद प्रभावी बनाता है.

### 2. सौंफ की चाय

सौंफ के बीज पाचन के लिए बहुत अच्छे होते हैं और आवश्यक विटामिन और पोषक तत्वों से लोडेड होते हैं. सौंफ की यह चाय आपको कब्ज, सूजन से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकती है और आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए वंडर कर सकती है. आप इस चाय में थोड़ा अदरक भी मिला सकते हैं.

### 3. आंवला जूस



हम सभी जानते हैं कि आंवला अपने रिच पोषक प्रोफाइल और औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आंवला मेटाबॉलिज्म और पाचन को भी बढ़ावा देने में मदद कर सकता है. डॉ. आशुतोष गौतम के अनुसार, 'आंवला का अल्काइन नेचर सिस्टम को साफ करने, आंत के स्वास्थ्य को मजबूत करने और मेटाबॉलिज्म को बैलेंस करने में मदद करती है.'

### 4. अजवाइन डिटॉक्स वॉटर



एक और ड्रिंक जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा है, वह है अजवायन डिटॉक्स वॉटर. अजवाइन या कैरम सीड्स का उपयोग सदियों से उनके औषधीय लाभों के लिए किया जाता रहा है. इतना ही नहीं, अजवाइन पाचन में सुधार, भूख को कंट्रोल करने और वजन घटाने को बढ़ावा देने में मदद करती है.

### 5. टमाटर का जूस

टमाटर इंडियन किचन में इस्तेमाल होने वाली सबसे आम सब्जियों में से एक है. लेकिन अगर आपको लगता है कि टमाटर सिर्फ करी को स्वादिष्ट बनाने के लिए ही अच्छे होते हैं, तो हम आपको बता दें कि आप गलत हैं. टमाटर



लाइकोपीन कमपाउंड का एक मेजर सोर्स है, जो नेचुरली मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है. यह टमाटर का जूस उन लोगों के लिए आइडियल है जो वजन कम करने की जर्नी पर हैं.



# करी पत्ता

## करी पत्ता इस्तेमाल करने के ये 3 तरीके हैं बेहद कारगर

*क्या आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं। क्या आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं और क्या आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है। ऐसे में इन समस्याओं का इलाज करी पत्ता बन सकता है। दरअसल, करी पत्ते की खास बात ये है कि इसमें कुछ ऐसे अमीनो एसिड, विटामिन बी और विटामिन सी जैसे समृद्ध पोषक तत्व होते हैं जो कि बालों के लिए अलग-अलग प्रकार से काम करते हैं। इसके अलावा भी इसके कई एंटीऑक्सीडेंट शरीर की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। कैसे, जानते हैं इस बारे में।*

*क्या आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं। क्या आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं और क्या आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है। ऐसे में इन समस्याओं का इलाज करी पत्ता बन सकता है। दरअसल, करी पत्ते की खास बात ये है कि इसमें कुछ ऐसे अमीनो एसिड, विटामिन बी और विटामिन सी जैसे समृद्ध पोषक तत्व होते हैं जो कि बालों के लिए अलग-अलग प्रकार से काम करते हैं। इसके अलावा भी इसके कई एंटीऑक्सीडेंट शरीर की कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। कैसे, जानते हैं इस बारे में।*

### 1. काले बालों के लिए खाली पेट खाएं 5 करी पत्ते

काले बालों के लिए आप करी पत्ता खा सकते हैं। इसके लिए 5 करी पत्ते को धोकर इसका सेवन करें। आपको ये काम सुबह खाली पेट करना है। ये आपके शरीर में विटामिन बी और सी को बढ़ावा देगा जो कि कोलेजन बूस्ट करते हैं और बालों को काला करने में मदद करते हैं। इस तरह करी पत्ते काले बालों के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है।


### 2. डैंड्रफ में लगाएं करी पत्ता कपूर पेस्ट -

करी पत्ता और कपूर दोनों ही डैंड्रफ की समस्या का देसी इलाज बन सकते हैं। इसलिए अगर आप डैंड्रफ के कारण बालों में खुजली से परेशान हैं तो करी पत्ता को कपूर में पीस कर एक पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसे पेस्ट को अपने स्कैल्प पर लगा लें। इसे स्कैल्प पर लगभग 1 घंटे रहने दें। अब ठंडे पानी से बाल धो लें और शैंपू कर लें।

### 3. झड़ते बालों के लिए करी पत्ता का तेल -

झड़ते बालों के लिए आप करी पत्ता से तेल बना कर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए करी पत्ते को सरसों के तेल में पका लें और इसे अपने बालों में लगाएं। थोड़ी देर मसाज करें। ये आपके बालों की जड़ों को पोषण देने के साथ, तेजी से बाल बढ़ाने में मदद करेगा। इसके अलावा इसके एंटीऑक्सीडेंट आपके बालों को तेजी से बढ़ने में मदद करेंगे।

तो, इन तमाम कारणों से आप बालों के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं।



## रोचक खबरें

## जिम में महिला ने साड़ी पहनकर किया गजब का वर्कआउट



ज्यादातर लोग फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहते हैं. वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अच्छे खान-पान के अलावा जिम में वर्कआउट को भी खूब तवज्जो देते हैं. महिलाएं भी अपनी फिटनेट पर खूब ध्यान देती हैं, ताकि वह बिल्कुल फिट रहें. हाल ही में एक महिला को जिम में हैरतअंगेज तरीके से वर्कआउट करते देखा जा रहा है. खास बात यह है कि महिला पूरा वर्कआउट साड़ी पहनकर कर रही हैं, जिन्हें देखकर लोगों के भी होश उड़ रहे थे. खूबसूरत और पारंपरिक परिधान में महिला जब जिम में पहुंची तो लोग हैरानी से भर उठे. दरअसल, साड़ी में कसरत करना आसान नहीं है, क्योंकि इसमें पैर फंसने और बैलेंस बिगड़ने के पुल चान्सेस होते हैं. ऐसे में महिला बिना डगमगाए पूरे कॉन्फिडेंस के साथ पिंक कलर की साड़ी में कसरत करती नजर आ रही हैं. वर्कआउट के दौरान उसने अपने सिर पर ट्रक का एक भारी टायर उठा लेती है, जिसे देखकर सभी हैरान रह गए. सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को reenasinghfitness नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है. इस वीडियो को अब तक 8 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं.

AARTI GROUP
'ASHOKA' SINCE 1991
MAKING LIFE BETTER

# बर्फीले ठंड में मैग्गी खाने घर से निकला शख्स, जम गया मैग्गी

दुनिया भर में ठंड का असर देखने को मिल रहा है. बर्फीले इलाके इस समय पूरी तरह जमे हुए हैं. ऐसे में अक्सर लोग कैंपिंग करने ऊंचाई वाली जगहों पर जाना पसंद करते हैं और इसके साथ ही अपनी मैगी खाने की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर पोस्ट करते रहते हैं. हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है, जिसमें एक शख्स घर से बाहर ठंड के बर्फीले मौसम में बर्फबारी के बीच बैठकर नूडल्स खाने की कोशिश करता नजर आ रहा है, लेकिन उसकी सारी ख्वाहिश धरी की धरी रह जाती है.

दुनियाभर के कई देशों में शीत लहर चल रही है. वहीं कई देशों में तो बहुत ही अजीबोगरीब हाल देखने को मिल रहा है, जहां आप खौलता हुआ पानी हवा में फेंकेंगे तो नीचे गिरने से पहले वो बर्फ बन जाएगा. हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है, जिसमें एक शख्स बर्फबारी



के बीच बैठकर नूडल्स खाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है, लेकिन ठंड इतनी ज्यादा है कि हवा लगते ही नूडल्स, चम्मच और बर्तन सब आपस में चिपक जाते हैं. यही नहीं इस दौरान शख्स की दाढ़ी-मूछ तक जम जाते हैं.

# गाय और भैंस की कुछ आश्चर्यजनक जानकारी

**दोनों में अंतर**

1. भैंस अपने बच्चे से पीठ फेर कर बैठती है चाहे उसके बच्चे को कुत्ते खां जायें वह नहीं बचायेगी, जबकि गाय के बच्चे के पास अनजान आदमी तो क्या शेर भी आ जाये तो जान दे देगी परन्तु जीते जी बच्चे पर आंच नही आने देगी। इसीलिए उसके दूध में स्नेह का गुण भरपूर होता है।

2. भैंस के दो बेटे बड़े होकर यानि दो झोटे एक गांव में मिलकर नहीं रह सकते। आमना-सामना होते ही एक दूसरे को मारेंगे, भाई-भाई का दुश्मन ! परन्तु गाय के 10 साण्ड इकट्ठे रह सकते हैं, ये भाईचारे का प्रमाण है।

3. भैंस गन्दगी पसन्द है, कीचड़ में लथपथ रहेगी पर गाय अपने गोबर पर भी नहीं बैठेगी वह स्वच्छता प्रिय है।

4. भैंस को घर से 2 किमी दूर तालाब में छोड़कर आ जाओ वह घर नहीं आ सकती उसकी यादास्त जीरो है। गाय को घर से 5 किमी दूर छोड़ दो वह घर का रास्ता जानती है, आ जायेगी ! गाय के दूध में स्मृति तेज है।

5. दस भैंस बान्धकर 20 फुट दूर से उनके बच्चों को छोड़ दो, एक भी बच्चा अपनी मां को नहीं पहचान सकता जबकि गोशालाओं में दिन भर गाय व बच्चे अलग-अलग शैड में रखते हैं, सायंकाल जब सबका मिलन होता है तो सभी बच्चे (हजारों की संख्या में) अपनी अपनी मां को पहचान कर दूध पीते हैं, ये है गोदुग्ध की मेमरी।

MAHENDRA

विविध

# ठंड में इम्यूनिटी बूस्ट करके रोगों को रखेगा दूर लहसुन मशरूम सूप

**ये है बनाने का तरीका –**

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही हर कोई अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहता है जो न सिर्फ खाने में टेस्टी हो बल्कि आपके शरीर को भी गर्म बनाए रखे। ऐसी ही एक टेस्टी डिश का नाम है लहसुन मशरूम सूप। मशरूम सूप को आप कई तरह से बना सकते हैं। यह सूप न सिर्फ बनने में बेहद आसन है बल्कि एक सेहतमंद एपिटाइजर भी है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाया जाता है टेस्टी लहसुन मशरूम सूप।

**लहसुन मशरूम सूप बनाने के लिए सामग्री –**

1. बटन मशरूम– 200 ग्राम
2. बारीक कटा लहसुन– 8 कलियां
3. अजवाइन– 1/2 चम्मच
4. बारीक कटा हरा प्याज– 1/2 कप
5. वेजिटेबल स्टॉक– 1 लीटर
6. ऑलिव ऑयल– 2 चम्मच
7. धनिया पत्ती– 4 चम्मच
8. नीबू के टुकड़े– 2
9. नमक– स्वादानुसार
10. काली मिर्च पाउडर– स्वादानुसार

लहसुन मशरूम सूप बनाने की विधि –



लहसुन मशरूम सूप बनाने के लिए सबसे पहले मशरूम को अच्छे से साफ करके धोने के बाद छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। मशरूम के बाद लहसुन को भी छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब पैन में दो चम्मच तेल गर्म करके उसमें लहसुन और अजवाइन डालने के बाद एक मिनट बाद कटा हुआ हरा प्याज डालकर दो-तीन मिनट तक पकाएं। अब मशरूम को पैन में डालकर मध्यम आंच पर पांच से दस मिनट तक पकाएं। नमक, काली मिर्च और उबली सब्जियों का पानी मिलाकर एक उबाल आने दें और उसके बाद मध्यम आंच पर पकाएं।


गैस बंद करके मिश्रण को हल्का ठंडा होने दें। अब हैंड ब्लेंडर की मदद से अच्छी तरह से मिलाएं। सर्व करने से पहले अगर जरूरत लगे तो सूप को एक बार दोबारा गर्म करें। धनिया पत्ती और नीबू के टुकड़े से सजाकर सर्व करें।

# चित्रकोट, तीरथगढ़ के बाद फेमस हो रहा बस्तर का ये नया वाटरफॉल



छत्तीसगढ़ के बस्तर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं. यहां की नदियां, एक से बढ़कर एक वाटरफॉल, घने जंगल और पहाड़ियों के बीच बसा बस्तर देश दुनिया से पहुंचने वाले पर्यटकों का मन मोह लेता है.

चित्रकोट, तीरथगढ़ के बाद फेमस हो रहा बस्तर का ये नया वाटरफॉल, पिकनिक स्पॉट बनाने की है जरूरत यहां के वाटरफॉल विश्व प्रसिद्ध हैं, इन वाटरफॉल में ऐसे भी वाटरफॉल हैं जो ठंड के मौसम में और नए साल के पहले बस्तर पहुंच रहे पर्यटकों के लिए पहली पसंद बनी हुई है, हालांकि पर्यटन स्थल के रूप में इस वाटरफॉल को विकसित नहीं किया गया है, लेकिन पर्यटकों का कहना है कि अगर जिला प्रशासन इस पर्यटन स्थल को विकसित करने पर ध्यान देती है तो निश्चित तौर पर चित्रकोट और तीरथगढ़ के बाद बीजाकासा वाटरफॉल पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा. चित्रकोट, तीरथगढ़ के बाद फेमस हो रहा बस्तर का ये नया वाटरफॉल, पिकनिक स्पॉट बनाने की है जरूरत देश में मिनी नियाग्रा के नाम से मशहूर चित्रकोट वाटरफॉल के अलावा बस्तर जिले में 10 से ज्यादा वाटरफॉल हैं जो अपनी खूबसूरती की छटा बिखेरती है, इन वॉटरफॉलो में से एक है बिजाकासा जलप्रपात.






# 48 की उम्र में शिल्पा शेट्टी के कर्वी फिगर



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने बेशक अपनी बेहतरीन एक्टिंग करियर के दम पर दुनियाभर में एक अलग पहचान हासिल की है, लेकिन पिछले कुछ समय से वह अपनी फिटनेस के कारण चर्चा में रहती हैं. शिल्पा ने अपने लंबे करियर में एक से एक किरदारों को बहुत खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है. हालांकि, एक्ट्रेस ने अपनी खूबसूरती और फिटनेस का ऐसा जादू चलाया कि पूरी दुनिया उनकी दिवानी हो गई. हर दिन एक्ट्रेस अपने एक नए ग्लैमरस लुक के कारण चर्चा में आ ही जाती हैं. अब फिर से उनका नया लुक वायरल हो रहा है.


शिल्पा अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. ऐसे में उनके नए लुक्स देखने को मिलते रहते हैं.

अब लेटेस्ट लुक में एक्ट्रेस को लैदर स्टाइल वाली ब्राउन थाई हाई स्लिट वन शोल्डर ड्रेस पहने हुए देखा जा रहा है. एक्ट्रेस ने इस रिवीलिंग आउटफिट को भी बहुत खूबसूरती के साथ कैरी किया है. शिल्पा ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने हेयरस्टाइल के साथ अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है. शिल्पा हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिख रही हैं. उनके कर्वी फिगर को देखकर अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता कि एक्ट्रेस 48 साल की हो चुकी हैं. आज भी उन्होंने खुद को बहुत फिट रखा है. दूसरी ओर शिल्पा शेट्टी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों एक्ट्रेस रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में बनी वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इस सीरीज में उन्हें दमदार पुलिस ऑफिसर के रोल में जबरदस्त एक्शन करते हुए देखा जाएगा. इसके अलावा एक्ट्रेस केडी टाइटल से बन रही कन्नड़ फिल्म में भी नजर आने वाली हैं.











UEM
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

career

IEM
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs






# ADVANTAGES OF A SOFTWARE ENGINEER

The advantages of Software Engineering include the ability to solve problems faster using computers; higher-quality programs developed by experienced programmers who have previously studied many similar programs.

**1. High Demand**

There is a high demand for software engineers. Almost every industry needs its type of software and people who can create it. Software developers will be in a higher market in an increasingly digital and online world. In terms of long-term career prospects, software development is a good option.

**2. Growth Opportunity**

You can find many growth opportunities in software engineering, and there is no ultimate level for that. Technology is constantly evolving, so there is always something new to learn. Experience in the field helps you adapt quickly to new technological developments.

**3. Good Pay**

Almost all industries pay well for engineers. It is especially true for software engineers. Software engineers are always learning new things, contributing to their higher pay scale. The average yearly salary of a software engineer is $93,809.

**4. Exposure To Higher-quality Programs**

When you become a software engineer, you work on the latest technologies and frameworks. As a result of studying many similar programs, you have a good understanding of syntax and logic. Designing better systems based on your client's business needs is possible. You are better able to avoid common mistakes when you have experience.

**5. Flexible Schedules**

Software engineers have many work scheduling options due to the flexibility of working from home. You may be required to be physically present for some jobs, but many others will allow you to work remotely. You can spend more time with your family if you work remotely.

Furthermore, you may even be able to work remotely as a software engineer in another town, city, state, or country. A software engineer's job allows you a certain amount of freedom that most other jobs cannot offer. Additionally, this pandemic paves more opportunities for remote jobs in this field.

**6. Better Job Prospects**

This field has many job opportunities due to the growing demand for software engineers! If you're looking for a job, you can choose from many different companies and start at many other places. You might also enjoy moving into a new area that will allow you to enhance your programming or designing skills if you are already an experienced programmer or designer.

Opt for a Full Stack Developer Bootcamp online to develop skills in frontend and backend technologies and advance your career in full-stack development.

**7. Business Opportunities**

This career has no geographical boundaries; software engineers are recruited and hired worldwide. Software engineers are hired from around the globe in countries such as the USA, Germany, the Netherlands, Canada, the United Kingdom, France, etc. Due to a limited skilled workforce and enormous business chances, the business opportunity is unreal.

A SaaS (Software as a Service) company is one of the top money-makers today if you're into entrepreneurship and a self-starter. It's the best option if you're considering starting a company from home.



# 34 YEARS OF EDUCATIONAL EXCELLENCE

# IEM KOLKATA

IEM — INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT — Good Education, Good Jobs

UEM — UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT — Good Education, Good Jobs

APPROVED BY AICTE & RECOGNIZED BY UGC

New Town, Kolkata | Sikar Road, Jaipur | Salt Lake Kolkata

## INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT, KOLKATA

## BEST ENGINEERING COLLEGE IN PLACEMENTS

NAAC "A" GRADE INSTITUTE

AFFILIATION & ACCREDITATION

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK | ICRA | QS I·GAUGE | AICTE | ASSOCIATION OF INDIAN UNIVERSITIES

## PROGRAMME OFFERED

B.TECH, BBA, BCA, BBA-LLB, BHM, BPT, M.TECH, MBA, MCA, M.SC, MPT, PH.D

## OUR RECRUITERS

IEM & UEM STUDENTS ACHIEVED EXCELLENT PLACEMENT

TATA CONSULTANCY SERVICES, ORACLE, FEDERAL BANK, ITC INFOTECH, SAP, Infosys, ICICI Bank, IBM, SANKALP semiconductor, IEMA Research & Development Pvt. Ltd., accenture, wipro, pwc, Berger, Tech Mahindra, NRI, ADITYA BIRLA GROUP, POLYCAB, ANCHOR, Bandhan Bank, AXIS BANK, WORKZ, DECATHLON, asianpaints, BYJU'S The Learning App, kotak Life Insurance, eQ Technologic, HCL TECHNOLOGIES, Reliance Retail, Deloitte., Cognizant, Dabur, abzooba, EY, emami, cogitate, KEYENCE, ITC Limited, Capgemini, SANKALP semiconductor, BLUE STAR INFOTECH, BLUE DART, amazon, OTIS, Pinnacle Infotech, EXIDE, HDFC BANK, LabVantage

Highest Package: ₹ 72 Lakhs


Average Package: ₹ 8.83 Lakhs

Total number of companies: 230+

Admission Helpline 8010700500

Scan the QR code and visit our website www.iem.edu.in

'ASHRAM', GN-34/2, Salt Lake Electronics Complex, Kolkata - 700091


TVS
SAI TVS
(PRESTIGE AUTOMOTIVE PRIVET LIMITED)
Jupiter 125
ZYADA SE BHI ZYADA
NTORQ 125
PLAY SMART
TVS
iQUBE
ELECTRIC
TVS
RONIN
Apache
RR
310
SAI TVS
6262626002,6262626004,6262626006,6262626003
Om Complex, Near Fafadih Railway Crossing, Fafadih, Raipur (C.G.)
Near Saheb Dhaba, Dhamtari Raod, Lalpur, Raipur (C.G.)